तेज़ बारिश से सड़कें बनीं नदियां

तेलंगाना में अब तक 16 मौतें, जयपुर में हाइवे जाम, कुल्लू में फटा बादल

पीटीआई, हैदराबाद

तेलंगाना और पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से यहां बाढ़ के जैसे हालात बन रहे हैं। वहीं गोदावरी नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। शनिवार सुबह 11 बजे 54.60 फुट था और यहां तीसरी और अंतिम चेतावनी लागू की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, तेलंगाना के कई जिलों में करीब 19,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। विभाग ने तेलंगाना में अगले सात दिनों के लिए चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक एक अगस्त को आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद और अन्य जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

राज्य सरकार ने कई जगह राहत कैंप लगाए हैं

तेलंगाना में पिछले एक सप्ताह से जारी भारी बारिश में कमी आने के बाद शनिवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेज हो गया। हालांकि, बारिश कम होने के बावजूद वारंगल के कुछ हिस्सों में जलभराव जारी है। राज्य सरकार ने बाढ़ और बारिश से प्रभावित लोगों के लिए राहत कैंप लगाए गए हैं। पुलिस ने बताया कि एनडीआरएफ को राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले लोग समेत करीब 100 लोगों को उनकी नावों सहित बचाया गया। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण कई जिलों में कृषि क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा है।

PTI



54.60 फुट पानी था गोदावरी नदीं में शनिवार सुबह 11 बजे तक

19,000 लोगों को अब तक तेलंगाना में सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया

तेलंगाना की गोदावरी नदी में बढ़ा जलस्तर, भारी बारिश और बाढ़ के कारण कई जिलों में कृषि क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा है।

शिमला में कई घरों पर डूबने का खतरा मंडराया

पीटीआई, शिमला: लगातार बारिश से शिमला जिले के ननखरी और कोटगढ़ इलाकों की छह पंचायतों के कई घरों पर डूबने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं, कुल्लू जिले के अन्नी क्षेत्र के जाबन के ऊपरी इलाकों में शुक्रवार रात को बादल फटने से देवरी खड्ड में अचानक बाढ़ आ गई। वहीं हिमाचल के चंबा जिले में शनिवार सुबह एसयूवी कार रेलिंग से टकराकर रावी नदी में गिर गई, जिसके बाद दो लोग लापता हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डली के पास खड़ामुख-होली रोड पर रेलिंग से टकराने के बाद चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया।

जयपुर के कई इलाकों में जलभराव

लगातार बारिश से राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को कई इलाकों में जलभराव होने और अन्य कारणों से सामान्य जीवन प्रभावित हुआ। सीकर रोड और जल महल के आसपास के कई इलाके जलमग्न हो गए। सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को परेशानी हो रही है। जलभराव के कारण जयपुर-अजमेर हाइवे सहित कई सड़कों पर ट्रैफिक जाम हो गया। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजकुमार गुप्ता ने बताया कि टीमें अलर्ट हैं और बचाव कार्यों में लगी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 30-31 जुलाई को भारी बारिश में कमी आने और कुछ हिस्स्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

nwda.gov.in